तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार, 29 नवंबर 2025

11 पीले फूलों की छटा बिखेरते राम तिल के खेत बने आकर्षण का केंद्र



12 दूरस्थ अंचल के विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता का किया सघन निरीक्षण





# विद्युत लाइन प्रोजेक्ट में बड़ी चोरी का खुलासा, मंदिर मैदान से लाखों का कंडक्टर ड्रम गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अलग खबर

भानुप्रतापपुर–पखांजुर के बीच 132 केवी सेकंड सर्किट विद्युत लाइन बिछाने के कार्य में उपयोग होने वाले एसीएसआर पैथर कंडक्टर का एक ड्रम चोरी होने का मामला सामने आया है। निर्माण कार्य के लिए मेसर्स देवश्री एग्रोटेक प्रा. लिमिटेड धमतरी द्वारा ग्राम पीवी-34 प्रेमनगर के हरि मंदिर मैदान के पास 17 नग कंडक्टर ड्रम रखे गए थे। नियमित साइट निरीक्षण के दौरान एक ड्रम के गायब होने का पता चलने पर सुपरवाइजर ने तत्काल पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। धमतरी जिला के मोटर स्टेशन वार्ड निवासी 50 वर्षीय भूपेंद्र गौतम, जो कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर पदस्थ हैं, ने पखांजुर थाना पुलिस को बताया कि खेतों में फसल लगे होने के कारण लाईन बिछाने का कार्य अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। हालांकि सामग्री की सुरक्षा के मद्देनज़र सभी 17 ड्रम पहले की तरह मैदान में सुरक्षित रखे हुए थे। 23 नवंबर को जब वह सामग्री मिलान के लिए मौके पर पहुंचे, तब उन्होंने पाया कि ड्रम क्रमांक 19, जिसकी लंबाई लगभग 1568 मीटर है और जिसकी कीमत करीब 4 लाख रुपये बताई जाती है, वह वहां मौजूद ▶▶|शेष पेज 10 पर



### पुलिस को अज्ञात आरोपियों की तलाश

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब घटना की समयावधि, पिकअप वाहन की पहचान, आस-पास के सीसीटीवी फुटेज तथा ग्रामीणों के बयान के आधार पर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## खबर संक्षेप

### ऑवरी में मितानिन एवं संविधान दिवस मनाया



**चारामा।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर ऑवरी में मितानिन और संविधान दिवस का मनाया गया। संविधान दिवस के अवसर पर संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसके बाद मितानिद दिवस मनाते हुए मितानिनों के लिए सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ऑवरी एंव मुडखुसरा के सभी मितानिनों सहित एमटी हेमलता साहु, एमटी लक्ष्मी पटेल को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएचओ रविकिरण पिद्दा, आरएचओ महिला संगीता पोया, टिकेश्वरी सिन्हा, आरएचओ देवरानारायण केमरो के द्वारा संविधान दिवस पर विचार रखे गए। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाए उपस्थित रही।

### दुर्गूकोंदल में अन्य पिछड़ा वर्ग समाज की आज बैठक

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत कार्यरत अन्य पिछड़ा वर्ग समाज के समस्त शासकीय विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं शिक्षकों को अवगत कराया गया है कि समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आज 29 नवंबर शनिवार को आयोजित की गई है। यह बैठक दोपहर 1 बजे बाजार मंडी में सम्पन्न होगी।इस बैठक में समाज से संबंधित विभिन्न संगठनात्मक, सामाजिक एवं शैक्षणिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा और साथ ही समाज के हित में आगामी रणनीतियों और योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के ब्लॉक अध्यक्ष विजय पटेल उपस्थित रहेंगे और समाज के उत्थान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

### किसान अब रबी की तैयारी में जुटे



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल क्षेत्र में धान खरीफ की कटाई और मिजाई का कार्य लगभग 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। कृषि विभाग ने बताया कि किसानों को उनके धान की राशि का भुगतान सीधे बैंक खातों में किया जा रहा है। यह राशि रबी फसल की बुआई के लिए पूंजी जुटाने में किसानों की मदद करेगी। किसान धान की उपज बेचकर अपने किसान क्रेडिट कार्ड और अन्य कृषि ऋणों की अदायगी कर रहे हैं, ताकि वे अगले सीजन के लिए समय पर नए ऋण ले सकें। धान के खेत खाली होते ही किसानों ने रबी फसल की तैयारी शुरू कर दी है। क्षेत्र के अधिकांश किसान कम पानी की आवश्यकता वाली दलहनी फसलें, जैसे कि चना, मसूर और मटर को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### पीड़ित परिवारों के लिए आर्थिक सहायता मंजूर

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आमाबेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम बण्डापाल निवासी 22 वर्षीय रामप्रसाद पोटाई की आंधी तूफान से बांस झाड़ गिरने से दबकर मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित सन्नूराम पोटाई के लिए चार लाख तथा ग्राम बड़ेतेवड़ा निवासी 14 वर्षीय शांति आंचला की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके माता-पिता रूपजी राम आंचला और सुखदाय के लिए संयुक्त रूप से चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

### विकास : 4 करोड़ से अधिक की लागत का एनीकट ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भरेगा नई ऊर्जा

# किसानों की बरसों पुरानी मांग आखिरकार पूरी विधायक ने एनीकट निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**विकासखंड नरहरपुर की ग्राम पंचायत धनेसरा में शुक्रवार को वह क्षण आया, जिसका ग्रामीण वर्षों से इंतजार कर रहे थे। पैरी नदी पर 4 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत एनीकट निर्माण परियोजना का भूमिपूजन विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य में विधिवत सम्पन्न हुआ। जल संरक्षण, सिंचाई सुविधा और पेयजल स्तर को नई मजबूती देने वाली यह परियोजना ग्रामीण विकास की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।**

मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण अंचल में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना है। उन्होंने कहा कि एनीकट निर्माण से सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे किसानों की आय में सुधार और कृषि कार्यों को गति मिलेगी। विधायक ने आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा, ताकि यह एनीकट आने वाले वर्षों तक धनेसरा एवं आसपास के गांवों के लिए स्थायी जलस्त्रोत के रूप में कार्य कर सके। उन्होंने कहा जल संरक्षण केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में स्थायी समाधान है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए परियोजना स्वीकृत कराने पर हर्ष व्यक्त किया। धनेसरा स्थित पैरी नदी पर एनीकट निर्माण का भूमिपूजन केवल एक निर्माण की शुरुआत नहीं, बल्कि ▶▶|शेष पेज 10 पर

### किसानों के खेतों तक पहुंचेगा सालभर पानी, विकास को मिलेगी रफ्तार



**तकनीकी टीम ने समझाया एनीकट के लाभः** जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र मेश्राम ने एनीकट की तकनीकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि निर्माण पूरा होने पर पैरी नदी में जलधारण क्षमता बढ़ेगी। इससे खेतों में सिंचाई सुविधा बेहतर होगी और पेयजल के भू-स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। एनीकट बनने से नदी में सालभर पानी उपलब्ध रहेगा। किसानों को रबी और खरीफ दोनों मौसमों में सिंचाई में सुविधा होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या में कमी आएगी। मछली पालन जैसी आजीविकाओं को भी बढ़ावा मिलेगा।

**कई जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामय उपस्थिति**

समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, छग मछुआ बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, पूर्व प्रदेश वनोपज उपाध्यक्ष सगे सिंह वट्टी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम, जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, जनपद सदस्य भाऊ राम भास्कर, सरपंच ऐनबती कोराम, उप सरपंच बिरेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा, यशवंत सुरोजिया, जीवन नेताम, सुरेंद्र नेताम, मंडल उपाध्यक्ष अशोक निषाद, देवगांव उप सरपंच संतोष मंडावी, राकेश नायक, विनय साहू, सुरेश साहू के अलावा जल संसाधन विभाग के एसडीओ सुशील देवांगन और सरोना थाना प्रभारी मलिक राम केंवट उपस्थित रहे।

### जलसंकट से मिलेगी निजात

धनेसरा और आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने बताया कि इस परियोजना की मांग वर्षों से की जा रही थी। बारिश के बाद नदी में पानी कम हो जाने से सिंचाई में कठिनाइयाँ बढ़ जाती थीं। एनीकट बनने से अब खेतों को समय पर पानी मिलेगा और ग्रामीण इलाकों में जलसंकट काफी हद तक कम होगा।

# 3 साल पुराने मामले पर दुष्कर्मी को दस साल की सजा और अर्थदंड भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

तीन साल पहले आरोपी युवक रूहाब मोमिन ने परिचित युवती को बुलाया और उसे कार में जबरदस्ती ले जाकर कार में दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ था, जिसमें न्यायालय ने आरोपी को कड़ी सजा सुनाई है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी रूहाब मोमिन ने उसे फोन करके कांकेर थाना क्षेत्र में बुलाया। युवती वहां गई और आरोपी ने उसे अपनी सफेद कार में बिठाकर कांकेर जिला से बाहर ले गया। जैसे ही पीड़िता ने अंधेरा होने का हवाला देते हुए घर छोड़ने का अनुरोध किया, आरोपी ने उसे सुनसान जंगल की ओर ले जाकर कार अंदर से लॉक कर दिया और शारीरिक संबंध बनाने की धमकी दी। पीड़िता के विरोध और भय के बावजूद आरोपी ने उसके साथ मारपीट और बलात्कार किया। पीड़िता ने मौका पाकर अपने कॉलेज के सीनियर को फोन लगाया, लेकिन आरोपी ने मोबाइल छीन लिया और गाड़ी में फेंक दिया। इसके बाद आरोपी ने दोबारा जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और पीड़िता के शरीर में चोटें भी पहुँचाईं, तभी पीड़िता के साथी और पुलिस वहां पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 (2)(ढ), 506 और 323 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। संपूर्ण जांच और 21 गवाहों के बयान के बाद अभियोग पत्र प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश विभा पांडे के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने आरोपी रूहाब मोमिन को धारा 376 (2) (ढ) के तहत 10 वर्ष कठोर कारावास और 500 रुपए जुर्माने, ▶▶|शेष पेज 10 पर



### चालक ने खोया नियंत्रण और हुआ हादसा

# अनियंत्रित लौह अयस्क लदा ट्रक की टक्कर से हाईटेक बेरियर हुआ चकनाचूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले के अंतागढ़ क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार हाइवा वाहन ने वन विभाग के हाईटेक शासकीय बेरियर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बेरियर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि उस समय ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारी सुरक्षित रहे, अन्यथा दुर्घटना गंभीर रूप ले सकती थी। तेज गति और लापरवाही एक बार फिर बड़े खतरे की वजह बनते-बनते टल गई। अंतागढ़ थाना क्षेत्र के पोड़गांव वनोपज नाका में ड्यूटी पर तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर 25 वर्षीय अतुल कुमार सिंह निवासी बसंत नगर, भानुप्रतापपुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 नवंबर को दोपहर लगभग 2 बजकर45 मिनट पर नाका क्षेत्र में नियमित ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान लौह अयस्क से भरा हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 21 जे 2779 तेज रफ्तार से पोड़गांव की ओर आ रहा था। शिकायतकर्ता के अनुसार चालक वाहन को इतनी अधिक गति से चला रहा था कि वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और सीधा सामने लगे वन विभाग के शासकीय हाईटेक बेरियर से जा टकराया। टक्कर अत्यंत जोरदार थी, जिससे बेरियर पूरी तरह टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। आवाज सुनते ही नाका कर्मी मौके पर पहुंचे और



वाहन चालक को रोकने की कोशिश की, जिसके बाद घटना की जानकारी तत्काल थाना अंतागढ़ को दी गई। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि क्षतिग्रस्त बेरियर की मरम्मत जल्द कराई जाएगी, साथ ही परिवहन वाहनों पर नियमन की व्यवस्था और कड़ी की जाएगी।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

जानकारी मिलते ही अंतागढ़ पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर मौका-मुआयना किया। कंप्यूटर ऑपरेटर अतुल सिंह की शिकायत पर वाहन चालक के खिलाफ धारा 281 एवं 324 (3) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने हाइवा वाहन को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की आगे जांच में जुटी है।

### गति नियंत्रण पर लगाम कसें

स्थानीय लोगों के अनुसार, लौह अयस्क परिवहन करने वाले भारी वाहनों की तेज गति आए दिन दुर्घटनाओं को आमंत्रित करती है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि ऐसे वाहनों पर रोक-टोक और निगरानी बढ़ाई जाए ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

# एसआईआर शिविर में एसडीएम ने गणनापत्रकों का किया अवलोकन

**भानुप्रतापपुर।** विधानसभा भानुप्रतापपुर क्षेत्र में मतदाता सूची का विशेष गहन परीक्षण कार्य चल रहा है, जिसका निरीक्षण नोडल अधिकारी कर रहे है, इसके साथ ही एसडीएम भी मौके पर पहुँचकर गणना पत्रक का अवलोकन कर रहे है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार और भानुप्रतापपुर विधानसभा के ईआरओ और एसडीएम गंगाधर वाहिले ने क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लगे शिविर में पंहुचकर अवलोकन किया। वर्तमान में एसआईआर का कार्य जारी है। विधानसभा क्षेत्र 80 के बीएलओ सुपरवायजर प्रतिदिन घर-घर दस्तक दे रहे है और गणना पत्रक का वितरण किया जा रहा है। आज दिनांक तक



85.76 प्रतिशत डिजिटाईज का कार्य पूर्ण हो गया है, जिसमें से भानुप्रतापपुर तहसील के 99 मतदान केंद्रों में 86.96 , दुर्गुकोंदल में 62 मतदान केंद्रों में 85.79 और चारामा में 105 मतदान केंद्रों में 85.06 प्रतिशत डिजिटाईज का कार्य पूर्ण हो चुका है। एसडीएम ने शिविर स्थल में पंहुचकर बीएलओ से संग्रहण और एप में डिजिटाईजेशन ▶▶|शेष पेज 10 पर

# फोन लगाने की बात पर युवक की पिटाई, 3 पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थाना क्षेत्र से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहाँ फोन लगाने की मामूली सी बात को लेकर तीन व्यक्तियों ने मिलकर एक युवक पर हमला कर दिया। घटना में घायल युवक रामप्रसाद टोप्पा की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बोगानभोड़िया निवासी दलसो बाई टोप्पा की बहू रमशीला टोप्पा रोजी में मक्का तोड़ने ग्राम उजाला गई थी। शाम करीब सात बजे तक घर न लौटने पर परिवार के लोग चिंतित हो गए। इसी बीच रामप्रसाद टोप्पा ने ग्राम उजाला के संजय सरकार से अनुरोध किया कि वह उनकी पत्नी को फोन कर जानकारी दे। संजय सरकार ने फोन लगाया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद रामप्रसाद ने पुनः फोन लगाने के लिए कहा।



इसी बात को लेकर विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। संजय सरकार, साजन सरकार और विवेक राय, सभी निवासी ग्राम उजाला और खैरकट्टा कालोनी, तीनों ने मिलकर रामप्रसाद को गाली दी और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपियों ने हाथ-पकड़ और मुक्कों से हमला कर रामप्रसाद को चोट पहुंचाई। चोट सिर पर लगी है, जिससे युवक ▶▶|शेष पेज 10 पर

### आवास निर्माण में विलंब के कारणों की विस्तृत जानकारी ली

# अप्रारंभ व अपूर्ण पीएम आवासों की समीक्षा करते सीईओ ने हितग्राहियों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर विकासखंड के ग्राम पंचायत नारा और कोकड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्माणाधीन एवं अप्रारम्भ आवासों का निरीक्षण जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने स्थल पर मौजूद हितग्राहियों से सीधे संवाद कर आवास निर्माण में विलंब के कारणों की विस्तृत जानकारी ली।

ग्राम नारा में निरीक्षण के दौरान सीईओ ने पीएम आवास योजनांतर्गत अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ न कर पाने वाले हितग्राही रमूला बाई, रुकमनी, तथा ग्राम सुभिया मुड़पार के असमो बाई, तितरा बाई और नरेन्द्र से व्यक्तिगत चर्चा की। हितग्राहियों ने बताया कि धान कटाई के उपरांत पुराने घर को तोड़कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, इसलिए कार्य में देरी हो रही है। निरीक्षण के दौरान सीईओ मंडावी ने ग्राम पंचायत नारा और कोकड़ी के सरपंच एवं सचिव को निर्देशित किया कि वे सभी हितग्राहियों को समय पर निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने में सहयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने आवश्यकतानुसार राजमिस्त्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। इसके साथ ही एनआरएलएम टीम को निर्देश दिया कि स्व-सहायता समूहों के माध्यम से मिक्सर मशीन और सेंट्रिंग प्लेट जैसी निर्माण सामग्री उपलब्ध कराई जाए, ताकि निर्माण कार्य की गति तेज की जा सके। जिला पंचायत सीईओ ने अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रिकालीन चौपाल आयोजित कर हितग्राहियों का उन्मुखीकरण ▶▶|शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित 5 परिवारों को 20 लाख दी सहायता राशि

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने प्राकृतिक आपदा में मृत 5 व्यक्तियों के वारिसों को त्वरित राहत देते हुए कुल 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। प्रत्येक परिवार को 4 लाख रुपये की सहायता राशि सीधे बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश तहसीलदारों को दिए हैं। केशकाल बहीगांव गायत्री मण्डावी सर्पदंश पिता सुरेश मण्डावी को 4 लाख, फरसगांव मोदेरू बेदबती गड्ढे में गिरकर डूबने से मौत पुत्री प्रियंका उर्फ पिंकी योगिता एवं पुत्र योगेश ईवान को 4 लाख स्वीकृत किए है। माकड़ी बुडरा रोशनलाल पाण्डे पानी में डूबने से माता उषा पाण्डे एवं पिता विश्राम पाण्डे को 4 लाख, कोण्डागाँव गिरोला अनंतराम नेताम दीवार गिरने से पत्नी सुनीता नेताम को 4 लाख, बड़ेराजपुर कुरूभाट रमशीला पानी में डूबने से पति जससिंह को 4 लाख की स्वीकृति दी गई है। कलेक्टर ने सभी प्रकरणों की त्वरित जाँच कराकर सहायता राशि मंजूर की। संबंधित तहसीलदारों को राशि तुरंत खाते में जमा कराने के निर्देश दिए।

### अवैध शराब बेचने वाला ग्रामीण गिरफ्तार, मप्र की मदिरा बरामद



**केशकाल।** जिला कोण्डागांव थाना विश्रामपुरी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कोसमी में घर में दबिश देकर पुलिस ने अवैध शराब व नकद बरामद किया है। शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी उप निरीक्षक विनोद नेताम के नेतृत्व में ग्राम कोसमी स्कूलपारा निवासी महाराजी कश्यप पिता स्व. नवल राम कश्यप उम्र 56 वर्ष द्वारा अपनी घर बाड़ी में एक प्लास्टिक थैले में मध्यप्रदेश निर्मित 40 नग गोवा व्हीस्की प्रत्येक- प्रत्येक 180 एमएल सीलबंद कुल मात्रा 7 लीटर 200 मिली कीमत 4800 रुपए एवं नकद 1000 रुपए को जब्त किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### जिले में गणना प्रपत्र वितरण लगभग पूरा, अब संग्रहण और डिजिटाइजेशन

**कोण्डागांव।** राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 4 नवंबर से चल रहा है। अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 रखी गई है। जिले में बीएलओ द्वारा घर–घर गणना प्रपत्र बाँटने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब प्रपत्रों का संग्रहण और बीएलओ ऐप में डिजिटाइजेशन का काम जोर–शोर से चल रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने सभी नागरिकों से स्पष्ट चेतावनी दी है यदि कोई मृत व्यक्ति के नाम पर विदेश चले गए या भारतीय नागरिकता छोड़ चुके व्यक्ति के नाम पर, एक ही व्यक्ति का नाम दो–तीन जगह दर्ज है और जानबूझकर एक से अधिक प्रपत्र भरे जा रहे हैं तो यह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा–31 के तहत दंडनीय अपराध है।

# जोन स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बालक आश्रम खवगांव के मैदान में आयोजित जोन स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 नवम्बर को प्रातः 9 बजे हुआ। तीन दिवसीय कार्यक्रम 28 नवम्बर को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अनीता कोर्राम, जिला पंचायत अध्यक्ष कोण्डागांव उपस्थित रहीं। समारोह की अध्यक्षता श्रीमती हेमा कश्यप, सरपंच ग्राम पंचायत खवगांव द्वारा की गई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्राम स्तरीय पदाधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए । कुशीराम सदस्य जिला पंचायत कोण्डागांव, श्रीमती सुंदरी बत्ती सौंड़ी सदस्य जिला पंचायत जवलाल नेताम सरपंच ग्राम पंचायत थरगांव, श्रीमती गीता बघेल सरपंच ग्राम पंचायत मयूरडोंगर, श्रीमती अनीता बघेल सरपंच ग्राम पंचायत झारा, श्रीमती पीतलाबाई बघेल सरपंच ग्राम पंचायत बेजौली, श्रीमती मनदाई बघेल सरपंच ग्राम पंचायत अँभेली, दीपक बघेल, पूर्व सरपंच खवगांव, श्री कोर्राम पूर्व जनपद सदस्य, शंकरलाल मिडाम वार्ड पंच नवागांव, सुनील बघेल उपसरपंच दरगांव, जगत बघेल, पंचायत सचिव मयूरडोंगर, विद्यालय स्टाफ पालकगण और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में संकुल अंतर्गत सभी विद्यालयों के प्रधान पाठक, शिक्षक–शिक्षिकाएँ, पालकगण, छात्र–छात्राएं एवं स्थानीय जनसमुदाय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संकुल केंद्र गोलावण्ड, झारा, मयूरडोंगर द्वारा यह आयोजन समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत सम्पन्न कराया जा रहा है।

**खास बातें**

- संकुल केंद्र गोलावण्ड, झारा, मयूरडोंगर में तीन दिवसीय आयोजन



## बाबा साहेब सेवा संस्था व मूलनिवासी समाज का बनियागांव में कार्यक्रम

# बच्चों के साथ सभी ने संविधान की प्रस्तावना का किया सामूहिक वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संविधान दिवस पर बाबा साहेब सेवा संस्था एवं मूलनिवासी समाज द्वारा 26 नवंबर को ग्राम बनियागांव स्कूल खेल मैदान में भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संविधान को अपनाने की ऐतिहासिक तिथि को स्मरण करना और इसके मूल्यों को जन–जन तक पहुँचाना था।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों, सम्मानित अतिथियों, समाज प्रमुखों तथा स्कूली बच्चों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। इस दौरान भारत को संप्रभु, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बनाए रखने के संकल्प को दोहराया गया। वक्ताओं ने संविधान की विशेषताओं जैसे न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान ने सभी वर्गो, विशेषकर महिला व पुरुषों को समान संवैधानिक अधिकार देते हुए उन्नति का अवसर प्रदान किया है। ग्राम के सरपंच, सचिव, पंच, जनपद सदस्य, समाज प्रमुख एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने संविधान के प्रति जिम्मेदारी निभाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश दिया।



**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में विष्णु बघेल, संजय बोरकर, भंजन जांगड़े, सुरेंद्र सोनपिपरे, फागु यादव, पंचू सागर, तिलक पांडे, प्रमोद भारतीय, भुवन लाल मार्कंडेय, मुकेश मारकंडे, संदीप वासनिकर, रमेश पोयम, संदीप कोर्राम, देवानंद चौरे, नरसिंह मांडवी, सचिव वीरेंद्र नेताम, गुंडाधुर नेताम, पुष्कर सिंह मांडवी, सिद्धार्थ महाजन, अहमद निसार, भावेश नेताम, कुशल साहू, नकुल पोयम, दीनबंधु पोयम, सुभाष सोनी, परमेश्वर पोयम, अनमदेव पोयम, पुरुषोत्तम गुड़िया, रिंकू पटेल, मानक लाल पटेल, शतन पोयम, संगीता, रोशनी, संगीता तुलाराम, रीत, सीमा, युवराज, लोकेश, ऋषभ, सुंदर, सतीश सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम पर बच्चों ने दिखाया जोश

**कोण्डागांव।** विकासखंड बड़ेराजपुर के ग्राम पंचायत हरवेल आश्रित ग्राम तरईबेड़ा की शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पूजा–अर्चना से हुई, इसके बाद सभी ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ कर शपथ ली। इस वर्ष की थीम हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पर बच्चों ने कविता, भाषण, निबंध लेखन, चित्रकला और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। हर बच्चे ने संविधान के महत्व को अपने–अपने अंदाज में समझाया। प्रधान पाठक अघन सिंह मंडावी ने बताया कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था। यह दिन हमें संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर देता है। हमें संविधान को सिर्फ पढ़ना नहीं, जीना है।

**शिक्षक–विद्यार्थियों ने लिया राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प** – कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्रधानपाठक अघन सिंह मंडावी, प्र.पा. लगूराम नेताम, शिक्षक सियाराम नेताम, गोपाल राम नेताम, पुरन सिंह यदु, शिक्षिका श्रीमती शीतल मरकाम, सहायक शिक्षक दसरू मंडावी, मुकेश नेताम सहित सभी कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव और दैनिक जीवन में संवैधानिक मूल्यों को अपनाने की सामूहिक प्रतिज्ञा के साथ हुआ।



## तीन समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

टीचर्स पदोन्नति संघर्ष मोर्चा द्वारा प्रधान पाठक पदोन्नति भर्ती से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं को लेकर लगातार संपर्क के बावजूद हो रही देरी और उदासीनता को मोर्चा ने स्पष्ट कहा कि 1 अप्रैल की स्थिति में सहायक शिक्षकों की अंतरिम एवं अंतिम वरिष्ठता सूची अभी तक प्रकाशित न किया जाना अत्यंत चिंताजनक है। इस विषय को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

मोर्चा के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी के सम्मुख तीन प्रमुख मांगें रखी, जिसमें पहला 1 अप्रैल 2025 की स्थिति में सहायक शिक्षकों की अंतरिम एवं अंतिम वरिष्ठता सूची तत्काल प्रकाशित की जाए, दूसरा प्रधान पाठकों के रिक्त पदों को ब्लॉकों से जानकारियाँ मंगाकर डीपीसी के माध्यम से पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र शुरू किया जाए और तीसरा रिक्त पदों पर काउंसलिंग के माध्यम से भर्ती के लिए समयबद्ध आदेश जारी किए जाएँ। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पदोन्नति प्रकिया जारी नहीं करने पर टीचर्स पदोन्नति संघर्ष मोर्चा ने चेतावनी देते हुए कहा कि 4 दिसंबर तक उपरोक्त बिंदुओं पर कोई कार्रवाई नहीं होती है, तो 8 दिसंबर को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय हल्ला बोल व घेराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

ज्ञापन के दौरान टीचर्स पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के संभाग संयोजक, जिला संयोजक, जय सिंह, संदीप वट्टी, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, ब्लॉक संयोजक भानुप्रतापपुर नितिन तिवारी, महेश कुमार, बलराम यादव, लालमन पटेल, ब्लॉक संयोजक अंतागढ़ लिलेश्वर महावे, ब्लॉक संयोजक कोयलीबेड़ा राजकुमार साक्षी, ब्लॉक संयोजक घनाराम नागराज चारामा, रोहित बघेल, मदन उइके नोहर, छोटे लाल देवांगन, रमेश मांडवी पोर्ते, धर्मदास जोशी, ओमप्रकाश दुग्गा सहित अनेक अन्य शिक्षक उपस्थित रहें।

## रानीडोगरी में आवास चौपाल एवं श्रम विभाग के शिविर का आयोजन



**भानुप्रतापपुर।** कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत चिचगांव में आवास चौपाल एवं श्रम विभाग का शिविर का आयोजन किया गया है, जिसके परिपालन में चिचगांव, रानीडोगरी ग्राम में आवास चौपाल का आयोजन किया गया। प्रभारी ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक एवं नोडल अधिकारी के द्वारा स्वीकृत हितग्राहियो से आमने सामने चर्चा कर प्रत्येक हितग्राहियों के पास सामग्री उपलब्धलता, राजमिस्त्री उपलब्धता व सेंटरिंग प्लेट उपलब्धता के संबध में जानकारी लिया गया और समय-सीमा में आवास को पूर्ण करने को हितग्राहियों से चर्चा किया गया। अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने के लिए आवास टोली एवं जनप्रतिनिधियों के सक्रिय भुमिका सुनिश्चित किया गया और साथ ही आयोजित चौपाल में श्रम कार्ड का नवनीकरण एवं श्रम कार्ड बनया गया। नोडल अधिकारी एवं आवास मित्रों तया रोजगार सहायकों के द्वारा आवास से सबंधित जीईओ टेग केवासी, एपीसीआई एवं अन्य समस्यों के सबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। एसएचजी समूह को सेंटरिंग प्लेट उपलब्ध कराने को प्रेरित किया गया है एवं सामाग्री उपलब्ध कराने के लिए छड़, सीमेट, रेत, ईट उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए सप्लायर को प्रेरित किया गया है।

### दिगानार में जोन स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

**फरसगांव।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम दिगानार में आयोजित जोन स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक बालक्रीड़ा प्रतियोगिता के गुरुवार को भव्य रूप से समापन किया गया। समापन समारोह में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्यअतिथि के रूप शामिल हुए। समापन अवसर पर विधायक ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरण कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकू नेताम , जनपद सदस्य गण, लोकनाथ निषाद, ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच एवं पंचगण, तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम बच्चों की ऊर्जा, प्रतिभा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।



## कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा सह आदान वितरण कार्यक्रम हुआ



**कांकेर।** कृषि विज्ञान केन्द्र में बुधवार को कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा सह आदान वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चन्देल तथा निदेशक अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय विस्तार सेवायें डॉ. एसएस टुटेजा एवं अनुसंधान केन्द्र कुरूद डॉ. नवनीत राणा की उपस्थिति में किया गया। कुलपति डॉ. चन्देल ने कहा कि सीताफल, लाख उत्पादन, चिरईनखी चांवल एवं कोदो-कुटकी में कांकेर के किसानों की अलग पहचान है। उन्होंने कोदो-कुटकी के उत्पादन के साथ-साथ विपणन व्यवस्था पर कार्य करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया और साथ ही प्रधानमंत्री के 2047 तक भारतवर्ष को आत्मनिर्भर बनने के स्वप्न को पूर्ण करने किसानों को अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल कृषि विज्ञान केन्द्र से सम्पर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में जिले के प्रगतिशील किसान लकेश बाई ग्राम थानाबोडी, हृदय राम शोरी ग्राम डुमाली, महावीर उसेण्डी ग्राम डुमाली, भुनेश नाग ग्राम पुसवाड़ा एवं बंशीलाल भास्कर ग्राम चोरिया को सम्मानित किया गया तथा दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मसूर की उन्नत किस्म कोटा मसूर 4 का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्राम के 83 कृषक सम्मिलित हुए।

## कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर पर दिए निर्देश

# एकलव्य विद्यालय में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब किचन गार्डन, डाइनिंग रूम को करें दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- विद्यालयों की जिला स्तरीय समिति की बैठक

कलेक्टर एवं जिला स्तरीय एकलव्य समिति अध्यक्ष श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की महत्वपूर्ण बैठक हुई।

कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों से 2026 बोर्ड परीक्षा की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। कमजोर विषयों–छात्रों की पहचान कर विशेष कक्षाएं लगाने के निर्देश दिए। परिणाम 90 प्रतिशत से ऊपर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब तुरंत चालू करें, किचन गार्डन और साफ–सफाई पर नो कंप्लायंस सभी एकलव्य विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर कक्ष और विज्ञान प्रयोगशाला पूरी तरह कार्यशील रखने के आदेश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रवेश, शिक्षक उपलब्धता और अन्य मुद्दों की समीक्षा बैठक में विद्यालयवार प्रवेशित बच्चों की संख्या, रिक्त शिक्षक पदों की स्थिति, छात्र–शिक्षक अनुपात पर चर्चा हुई। स्वास्थ्य विभाग को नियमित मेडिकल चेकअप और पोषण की जिम्मेदारी दी गई।



### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री तिवारी जिले के सभी एकलव्य विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने कहा कि एकलव्य विद्यालय आदिवासी बच्चों का भविष्य हैं। कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। हर 15 दिन में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

खबर के साथ फोटो27केजीएन–10

## पेज 9 के शेष

### विद्युत लाइन प्रोजेक्ट...

नहीं था। उन्होंने ग्रामीणों से पूछताछ की तो पता चला कि 10-12 दिन पहले दोपहर लगभग 1 बजे एक अज्ञात व्यक्ति पिकअप वाहन लेकर आया था और उस पर ड्रम लोड कर ले गया। ग्रामीणों के अनुसार, उस व्यक्ति ने स्वयं को सामान ले जाने वाला बताया था। ग्रामीणों को सामग्री की वास्तविक जानकारी न होने से उन्हें चोरी का शक नहीं हुआ और उन्होंने बिना संदेह किये उसे ड्रम ले जाने दिया। भूपेंद्र गौतम ने इसकी सूचना तत्काल कंपनी प्रबंधन को देते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई।

### किसानों की बरसों पुरानी ...

ग्रामीण क्षेत्र की जल समस्याओं के समाधान और कृषि क्षेत्र की मजबूती की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। आने वाले समय में यह परियोजना क्षेत्र के आर्थिक तथा सामाजिक विकास को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी।

### 3 साल पुराने मामले पर ...

धारा 506 के तहत 2 वर्ष कैद व 50 रुपए जुर्माने तथा धारा 323 के तहत 6 माह कैद व 500 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। इस मामले में शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता ईश्वर लाल साहू ने पैरवी की।

### एसआईआर शिविर में ...

की जानकारी ली। उन्होंने सभी को कहा कि नगर क्षेत्र में मतदाताओं की सुविधा के लिए विभिन्न वार्डों में शिविर लगाया जा रहा है। आयोग द्वारा निर्धारित समय 4 दिसंबर तक बीएलओं घर घर जाकर एकत्र करने का कार्य कर रहें है।

### फोन लगाने की बात पर ...

गंभीर रूप से डर गया। घटना की शिकायत पखांजुर थाना में करने पर पुलिस ने आरोपियों संजय सरकार, साजन सरकार और विवेक राय के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया।

### अप्रारंभ व अपूर्ण पीएम आवासों ....

करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें प्रत्येक हितग्राही को आवास निर्माण के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये की राशि तीन किश्तों में प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त अभिसरण के तहत हितग्राहियों को 90 दिन की मजदूरी का भुगतान भी उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे बेझिझक निर्माण कार्य आगे बढ़ा सकें। सीईओ द्वारा दिए गए निर्देशों से उम्मीद है कि क्षेत्र में रुके हुए आवास जल्द ही पूर्ण होंगे और ग्रामीणों को अपना पक्का घर उपलब्ध हो सकेगा। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत कांकेर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्विनी यादव, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) तथा एनआरएलएम की जिला एवं विकासखंड स्तरीय टीमें भी उपस्थित रहीं।

# निष्क्रिय खातों के हकदारों को 0.72 करोड़ की राशि वापसी में बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले में लंबे समय से निष्क्रिय पड़े बैंक खातों को पुनः सक्रिय करने और नागरिकों को सुरक्षित बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के लिए 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक सभी ब्लॉकों में विशेष शिविर आयोजित के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष योजना के तहत चल रहे इन कैंपों का उद्देश्य पिछले दस वर्षों से बंद पड़े खातों का त्वरित, पारदर्शी और सरल निपटान करना हैं। कार्यशाला में अभियान आपकी पूंजी, आपका अधिकार के तहत निष्क्रिय बैंक खातों में जमा राशि वापस दिलाने में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। अब तक जिले में 0.72 करोड़ रुपए की राशि हकदारों को लौटा दी गई है। जिला प्रशासन की सक्रियता और लगातार चलाए जा रहेजागरूकता शिविरों के फलस्वरूप ऐसे खातों की पहचान की गई है, जिन पर वर्षों से कोई दावा नहीं किया गया था।

इन निष्क्रिय खातों में कुल 12 करोड़ रुपए से अधिक की राशि दर्ज है जिसे हकदारों तक पहुंचाने के लिए दस्तावेज सत्यापन एवं दावा प्रक्रिया तेज गति से जारी है। अभियान के दौरान बैंकवार रिपोर्ट में सबसे अधिक निष्क्रिय उपभोक्ता भारतीय स्टेट बैंक से जुड़े हुए पाए गए। शिविरों में 150 से अधिक नागरिक पहुंचे जिनके दस्तावेज सही पाए जाने पर उनके दावों का तत्काल निपटान किया गया और उन्हें प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। आधार, पैन सत्यापन, दावा फॉर्म भरने तथा निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने की पूरी प्रक्रिया शिविर स्थल पर ही पूर्ण कराई गईइस अवसर पर पात्र लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर के महाप्रबंधक गुप्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक जगदलपुर मोहित सिंगल, अग्रणी बैंक अधिकारी दंतेवाड़ा शिवराम बघेल सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राजनीतिक दलों की बैठक हुई

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय दंतेवाड़ा में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा की गई। बैठक में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित करने, संग्रहित करने एवं उसके डिजिटाइजेशन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रतिनिधियों को अब तक की प्रगति से अवगत कराया तथा राजनीतिक दलों को प्रगति सूची भी प्रदान की। राजनीतिक दलों ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति पर संतुष्टि व्यक्त की तथा आवश्यक सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुरक्षा बलों ने की ग्रामीणों के साथ संवाद



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन की जन-जुड़ाव एवं विश्वास पहल के अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा विकास, सुरक्षा और विश्वास को सुदृढ़ करने हेतु लगातार ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनने, सुझाव प्राप्त करने तथा माओवादी गतिविधियों से दूरी बनाने हेतु प्रेरित करने का उद्देश्य लेकर सुरक्षा बलों द्वारा आज विभिन्न ग्रामों में जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रामीणों को शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति की विस्तृत जानकारी दी गई तथा परिवार, रिश्तेदारों में सक्रिय माओवादी सदस्यों को समाज की मुख्यधारा में लौटने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर सम्मानजनक सामाजिक जीवन जीने हेतु प्रोत्साहित किया गया। आसपास के जंगल, रास्तों पर किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु, स्पाइक, तार, संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल निकटतम थाना, कैम्प को सूचना देने का आग्रह किया गया। चलित थाना के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर उनके निराकरण का प्रयास किया गया।

## इस सीजन का नया टूरिस्ट स्पॉट बना ग्राम मेंडोली

# पीले फूलों की छटा बिखेरते राम तिल के खेत बने आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले की प्राकृतिक सुंदरता मानसून एवं शीतऋतु में हमेशा से ही दर्शनीय रहती है। मानसून तो बीत चुका है परन्तु अब इस ठंड के मौसम में भी जिले का प्राकृतिक सौंदर्य प्रकृति प्रेमियों को लुभाने में सक्षम है। इन सभी के बीच विकासखंड दंतेवाड़ा के ग्राम मेंडोली में रामतिल की खेती इस प्राकृतिक सौंदर्य को चार चांद लगा रही है। जिले से 20 किलोमीटर दूर ग्राम मेंडोली पहुंचने पर सड़क दोनों ओर रामतिल फसल के लहलहाते पीले फूलों से ढके खेत देखकर ऐसा लगता है मानो धरती ने पीला दुशाला ओढ़ रखा हो। फोटोग्राफी प्रेमियों और प्रकृति को निहारने वालों के लिए ये सभी खेत आकर्षण का नया केंद्र बन गया है। सुबह की रोशनी और शाम की हल्की धूप में रामतिल के पीताभ फूलों की सुषमा के बीच दृश्य इतना मनमोहक दिखता है कि हर आगंतुक इसे कैमरे में कैद किए बिना आगे नहीं बढ़ता। रामतिल की खेती कर रहे मेंडोली ग्राम के किसानों में से एक मंगडू कश्यप का कहना है कि उन्होंने पारंपरिक फसलों के स्थान पर पहली बार रामतिल जैसे वाणिज्यिक वैकल्पिक फसल को चुनने का निर्णय लिया है। वे कहते है कि इस फसल को तैयार करने में उन्हें बहुत कम पानी की आवश्यकता हुई और कम मेहनत और लागत के साथ उनकी फसल तैयार हो गई। विभागीय सूत्रों की मानें तो रामतिल की फसल बाजार मूल्य अन्य फसलों की तुलना में अधिक है। जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। ज्ञातव्य है कि कृषि विभाग और जिला प्रशासन द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन के साथ-साथ चयनित कृषकों को बीज की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है, जिसके लिए सीड बैंक की विशेष व्यवस्था लागू की गई है ताकि किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज समय पर और स्थानीय स्तर पर ही मिल सके। नेशनल ऑयलसीड मिशन के अंतर्गत दंतेवाड़ा विकासखंड में कावड़गांव को क्लस्टर बनाकर तिलहन उत्पादन का विस्तार किया गया है। इसी कार्यक्रम के तहत मंडोली सहित चितालुर, पोंदूम, जारम, मेटापाल, कावड़गांव और डुमाम जैसे गांवों के किसानों द्वारा 1 से 5 एकड़ तक रामतिल की बुवाई की गई है। निर्धारित लक्ष्य अनुरूप जिले के 100 हेक्टेयर क्षेत्र में 150 किसानों को रामतिल की बुआई के लिए चिन्हांकित किया गया था। और कृषि विभाग द्वारा फसल की मॉनिटरिंग करने पर पाया गया कि सभी गांवों में फसल की स्थिति अत्यंत उत्तम है।

# स्वास्थ्य केंद्र से इंतजार कर लौट रहे मरीज, ओपीडी से डॉक्टर गायब

### जिम्मेदारों को जिम्मेदारी का एहसास ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

अस्वस्थ्य उप-स्वास्थ्य केंद्र को उपचार की जरूरत हैं, मरीज ओपीडी में घंटों बैठकर डॉक्टर के आने का इंतजार करने मजबूर हैं। दूसरी ओर जंगलों में स्वास्थ्य अमला पहुंच कर इलाज का राग अलाप रहे हैं। राज्य शासन बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत अर्बन एवं ग्रामीण अंचलों में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोले है, जिनमें क्षेत्र की आबादी के मुताबिक बिस्तर तय हैं कहीं 10 या किसी स्वास्थ्य केंद्र में 50 बिस्तर तक उपलब्ध हैं। किन्तु केवल उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने भर से उपचार नहीं होगा, इसके लिए डॉक्टरों का मौजूद होना जरूरी हैं।

- **बिना जांच के मरीज दवाई लेनें मजबूर**



आज हम बात कर रहे हैं बीजापुर जिला मुख्य से तकरीबन 30-35 किलो मीटर दूर गंगालूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का, जहां ओपीडी से डॉक्टर नदारद रहे और उपचार कराने आये हुए मरीज घंटों बैठकर इंतजार करते रहे। कर्मचारी से पूछने पर बताया की वर्तमान में दो डॉक्टर हैं जो खाना खाने गये हुए हैं। जबकि डॉक्टरों के बैठने का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक हैं। इस बीच 1 घंटा लंच ब्रेक रहता हैं।

अपनी बेटी अंसनी ताटी का इलाज कराने आये लखमू ताटी ने बताया की पिछले तीन दिनों से उसको तेज बुखार हैं जिसका इलाज कराने आया हूं। 1 बजे से डॉक्टर का इंतजार कर रहे हैं 3 बजने को हैं डॉक्टर नहीं आये। वही एक अन्य युवक अपनी 8 वर्षीय बेटी संगीता पुनेम को लेकर उपचार के लिए पहुंचा हैं, कई बार स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद लैब अटेंडर को पूछ चुका हूं जो हर बार यही कह रहे हैं डॉक्टर को फोन कर दिया हूं, आ रहे हैं दो घंटे से बस यही कह रहे हैं डॉक्टर साहब आ रहे है लेकिन अब तक नहीं आये हैं। ऐसा कई औऱ भी मरीज मौजूद रहे वो अंततः थक हार कर स्वास्थ्य केंद्र से दवाई लेकर जाने मजबूर हो गये।

### डॉक्टर नहीं रहते उपस्थित

कुछ दिनों से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जंगलों के अंदर बसे गांव में पहुंच कर ग्रामीणों की जांच कर इलाज कर रहा हैं। परन्तु सवाल यह हैं कि स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर उपस्थित क्यों नहीं रहते हैं। जों मरीजों के इलाज का सारा बोझ नर्सो के कंधो पर डाल अपनी जिम्मेदारियां से मुंह फेर रहे हैं। बीते दिनों वापल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऐसी ही लापरवाही के कारण एक मासूम की मौत हो गई थी।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कलेक्टर ने दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला कलेक्टर संबित मिश्रा ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी। उन्होंने सभी कर्मचारियों के उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की शुभकामनाएं दीं।सेवानिवृत्त होने वाले

- **सेवानिवृत्त के दौरान सौंपे गए पेंशन प्रमाण पत्र**

कर्मचारियों में प्रधान पाठिका अख्तरी बेगम पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीजापुर में पदस्थ थीं। नेतराम ठाकुर जनपद पंचायत उसूर में विकास विस्तार अधिकारी के रूप में कार्यरत थे तथा डोरिस लाल जो स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ थे शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी डोरिस लाल का सेवानिवृत्ति से मात्र 15 दिन पूर्व





आकस्मिक निधन हो गया था। इस कारण उनका पेंशन प्रमाण पत्र उनके परिवार की ओर से उपस्थित बहू महिमा लाल को सौंपा गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन अमन कुमार झा तथा जिला कोषालय अधिकारी महावीर प्रसाद टंडन एवं जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि तीनों कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों को समय पर निपटाने में संबंधित लिपिकों तथा कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा। जिसके परिणामस्वरूप सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन प्रमाण पत्र प्रदान किए जा सके।

उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे समय रहते आवश्यक दस्तावेज एवं प्रक्रियाओं को पूर्ण करें ताकि किसी भी सेवानिवृत्त कर्मचारी को पेंशन मिलने में देरी न हो और उन्हें समय पर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जा सके।

# अधोसंरचना विकास में तेजी व सैचुरेशन शिविर लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा ने बीजापुर एवं भैरमगढ़ ब्लॉक के सुदूर एवं अंदरुनी क्षेत्रों का दौरा करते हुए सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, आंगनबाड़ी तथा स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी मूलभूत अधोसंरचना के निर्माण कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने ग्रामीणों तक केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने हेतु सैचुरेशन शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अपने दौरे की शुरुआत पेद्दाकोरमा से करते हुए ग्रामीणों से चर्चा की। योजनाओं की पहुंच पर बात करते हुए ग्रामीणों की मांग के आधार पर मंगलवार व बुधवार को सैचुरेशन शिविर लगाने के निर्देश एसडीएम व जनपद पंचायत सीईओ को दिए। उन्होंने स्वीकृत स्कूल व आंगनबाड़ी भवन निर्माण की प्रगति तेज करने को कहा। पेद्दाकोरमा में सीआरपीएफ द्वारा आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम में ग्रामीणों को दैनिक उपयोग की सामग्रियाँ तथा युवाओं को खेल सामग्री वितरित की गई। कलेक्टर ने निर्वाचन आयोग निर्देशित एसआइआर कार्यों का भी निरीक्षण किया और संबंधित बीएलओ व पटवारी को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएम जीएसवीएम के कार्यपालन अभियंता को सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने को कहा।



### निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हिरोली में निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने गुणवत्ता व निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। भैरमगढ़ ब्लॉक के फुंडरी में उच्च स्तरीय पुल का निरीक्षण कर उन्होंने सेतु निर्माण कार्यपालन अभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा ग्रामीणों की हैण्डपम्प व स्वास्थ्य सुविधा की मांग पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। दौरे के दौरान एडिशनल एसपी अमन कुमार झा, एसडीएम जागेश्वर कौशल, डीएसपी विनीत कुमार साहू, सीईओ पी. आर. साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यह दौरा सुदूर इलाकों में तेजी से विकास कार्यों को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### शैक्षणिक संस्थानों का किया अवलोकन

पेद्दाकोरमा एवं कोरचोली के प्राथमिक शालाओं का निरीक्षण कर कलेक्टर बच्चों की पढ़ाई से प्रभावित हुए। उन्होंने ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। कलेक्टर ने पीडिया, कोपागुड़ा, तोड़का व कोरचोली कैम्प का भी अवलोकन किया तथा ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। तोड़का, कोरचोली, सांवनार और नेण्ड्रा के ग्रामीणों की मांग पर अगले गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को सैचुरेशन शिविर लगाने के निर्देश दिए। कोरचोली में निर्माणाधीन स्कूल व आंगनबाड़ी भवन को जल्द पूर्ण करने कहा गया। उन्होंने महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से बात कर बैंक खातों में राशि अंतरण की स्थिति जानी और इसकी पुष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पीडिया के ग्रामीणों द्वारा गंगालूर से राशन लाने की मजबूरी बताने पर कलेक्टर ने अगले माह से ट्रैक्टर द्वारा स्थानीय स्तर पर राशन पहुंचाने के निर्देश दिए। पटेलपारा के ग्रामीणों से चर्चा कर उन्होंने योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

# मानसिक स्वास्थ्य पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. दिनेश कुमार लहरी, सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान ने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के महत्वपूर्ण टिप्स दिये।

उन्होंने बताया कि यूजीसी ने महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने हेतु निर्देश दिया गया है ताकि मानसिक और भावनात्मक रूप से किसी को समस्या हो तो उनका निदान किया जा सके। इस पर विशेष जोर देने हेतु प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्यशाला किया गया। कार्यक्रम का संयोजक मारुति नंदन मरकाम मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के प्रभारी ने पूरे कार्यक्रम का रूपरेखा बनाकर इस कार्यक्रम को संपादित किया। कार्यशाला में महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक अर्चना झा, राहुल गौरखेड़े, विश्वत ध्रुव, समस्त अतिथि व्याख्याता डॉ. सुभाष सोनी, डीगेश गायधने, रामेश्वरी सिंह, डॉ. गौरव पांडे, डॉ. खमेशवर नेताम तथा महाविद्यालय के समस्त छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नियति अग्रवाल ने किया।

### जिला स्तरीय कार्यशाला हुआ

**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से जिले में किशोरी सशक्तिकरण, बाल विवाह रोकथाम एवं माहवारी स्वच्छता विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन में शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए अभिभावकों की सहभागिता से प्रत्येक बच्चे के घर में पढ़ाई का कोना बनाने एवं आज क्या सीखा विषयवस्तु पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही युनिसेफ कार्यक्रम के तहत प्रिया वाडकर द्वारा जिले के शक्ति केन्द्र में समस्त संकुल समन्वयक एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सक्रिय महिलाओं एवं किशोरियों में शिक्षा की आवश्यकता, पालक शिक्षक बैठक में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही।

# प्रशासन की अनदेखी से किसान नाराज, इंद्रावती नदी बचाने अब स्वयं करेंगे बोरी बंधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



इंद्रावती नदी की गिरती स्थिति और जर्जर डेमों को लेकर इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति एवं क्षेत्रीय किसानों में भारी रोष व्याप्त है। समिति के सदस्य इन दिनों गांव-गांव जाकर इंद्रावती नदी पर निर्मित डेमों का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकांश डेम जर्जर स्थिति में पाए गए हैं जिन पर न तो मरम्मत हुई है और न ही पानी रोकने की कोई समुचित व्यवस्था है।

पानी लगातार बह रहा है और सिंचाई के लिए आवश्यक जलसंग्रह नहीं हो पा रहा, जिससे किसान गहरी चिन्ता में हैं। किसानों का कहना है कि 10 नवंबर को प्रशासन को ज्ञापन देकर इंद्रावती नदी का पानी रोकने और डेमों की मरम्मत कराने की मांग की गई थी। इसी तारीख को किसानों ने अपर कलेक्टर को मक्का के न्यूनतम समर्थन मूल्य से संबंधित मांग भी सौंपी थी। ज्ञापन के बाद किसानों को उम्मीद थी कि प्रशासन त्वरित कार्रवाई करेगा, लेकिन कई दिनों बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण किसानों का धैर्य टूट गया है। प्रशासनिक निषक्रियता के चलते अब किसान स्वयं स्थिति का आकलन करने निकल पड़े हैं। संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ क्षेत्र के ग्रामीण भी डेमों का जायजा लेने के लिए गांव-गांव घूम रहे हैं। वे कह रहे हैं कि यदि समय पर डेमों की मरम्मत कर दी जाती, तो आज खेतों तक पर्याप्त पानी पहुंच पाता और फसलों को नुकसान नहीं होता। लगातार पानी बह जाने से सिंचाई पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इसी नाराजगी के बीच इंद्रावती बाजार संघर्ष समिति मंगलवार को प्रस्तावित कलेक्टर घेराव की तैयारी में क्षेत्रभर में बैठकों का आयोजन कर रही है। किसानों का आरोप है कि बरसात खत्म होने के बावजूद प्रशासन ने डेमों की मरम्मत में कोई रुचि नहीं दिखाई। उनका कहना है कि प्रशासन किसानों के हितों के प्रति संवेदनशील नहीं है, जिसके कारण फसलों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है । एक ओर पानी उपलब्ध नहीं है और दूसरी ओर उत्पादन पर संकट गहराता जा रहा है। संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल ने बताया कि प्रशासन से किसानों की उम्मीद अब पूरी तरह टूट चुकी है। उन्होंने कहा कि उड़ीसा के जोरा नाला क्षेत्र से लेकर चित्रकोट तक संघर्ष समिति ने बिना किसी सरकारी मदद के पानी रोकने के वैकल्पिक उपाय अपनाने का निर्णय लिया है। समिति का कहना है कि ग्रामीणों और वादियों के सहयोग से बोरी बंधान की व्यवस्था की जाएगी और यदि आवश्यकता पड़ी तो किसान स्वयं बोरी खरीदकर डेमों को बांधेंगे।

बघेल ने यह भी बताया कि प्रशासन की उदासीनता समझ में आने के बाद ही समिति ने अपनी रणनीति बदलते हुए स्वयं डेमों की मरम्मत और पानी रोकने की दिशा में कदम बढ़ाया है। उनके अनुसार यदि प्रशासन इसे नहीं कर सकता तो किसान और ग्रामीण मिलकर यह कार्य करेंगे ताकि सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके। इसी क्रम में युवा किसान समूहों ने इंद्रावती नदी पर बने सभी डेमों का निरीक्षण कर स्थिति का आकलन करने का निर्णय लिया है। मंगलवार को युवा किसान जल संसाधन विभाग तथा जिला प्रशासन को निरीक्षण रिपोर्ट से अवगत कराएंगे। उनका कहना है कि यदि प्रशासन अब भी सक्रिय नहीं होता, तो किसान अपने संसाधनों व सहयोग राशि से पानी रोकने की पूरी व्यवस्था स्वयं करेंगे। ग्राम पंचायत भौंड के पंच कृपालु कश्यप ने भी किसानों की मांगों को उचित बताते हुए कहा कि शासन का रवैया किसानों के प्रतिकूल है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों की उम्मीद अब शासन और प्रशासन से पूरी तरह खत्म हो चुकी है। कश्यप ने बताया कि ग्रामीणों और किसानों ने मिलकर सहयोग राशि जुटानी शुरू कर दी है और उसी राशि से वे डेमों पर बोरी बंधान कर पानी को रोकने की व्यवस्था करेंगे। किसानों ने साफ कहा है कि यदि सरकार उनकी बात नहीं सुन रही, तो वे अपने दम पर इंद्रावती नदी को बचाने का अभियान जारी रखेंगे। उनका कहना है कि यह लड़ाई सिर्फ फसल और पानी की नहीं बल्कि बस्तर की खेती को बचाने की लड़ाई है जिसे वे हर हाल में लड़ते रहेंगे। भोंड सरपंच जलंधर कश्यप, सुभाष कश्यप,मनी बघेल ,दिनेश मौर्य, सहदेव बघेल, लच्छू राम बघेल, कंवल बघेल,बामदेव बघेल ,कमलचंद ठाकुर, चंदन ठाकुर, समदु बघेल, फाल्गुनी बघेल, परदेशी मौर्य, आसमन बघेल एवं अन्य किसान उपस्थित थे।

### नेता प्रतिपक्ष ने किया मितानिनों का सम्मान

**जगदलपुर।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने अपने वार्ड की मितानिन बहनों को मितानिन दिवस पर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने मितानिनों की निष्ठा,सेवा भावना और निरंतर सक्रियता की सराहना की। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनें स्वास्थ्य सेवाओं, जनकल्याण योजनाओं और शासन की महत्वपूर्ण पहलों को घर–घर तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाती हैं। उनके व्यापक योगदान को देखते हुए वर्तमान मानदेय अत्यंत कम है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मितानिन बहनों को या तो कलेक्टर दर अथवा नियमित कर्मचारियों के समान मान दिया जाना चाहिए, क्योंकि समान कार्य के लिए समान वेतन उनका अधिकार है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे वार्डवासियों और मितानिन बहनों के हितों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

खबर संक्षेप



## आमागढ़ में मितानिन दीदियों का सम्मान

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल विकासखंड के ग्राम पंचायत हानपत्तरी के आश्रित उप स्वास्थ्य केन्द्र आमागढ़ में मितानिन दिवस के अवसर मे ग्राम पंचायत के सभी मितानिन दीदीयों को श्रीफल व साल भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य कर्मचारी सरोज नरेटी, सुनिता टांडिया, अनुराधा जुर्री, रुद्र प्रताप दुग्गा ने संबोधित करते हुए कहा है कि मितानिन दीदी भी स्वास्थ्य विभाग का एक अहम हिस्सा से कम नहीं है जो जजकी से लेकर हर छोटी बड़ी बीमारी संबंधी स्वास्थ्य विभाग तक रिपोर्ट तैयार करने में सहभागिता निभाते हैं। मितानिन दीदी गांव की सेहत, सुरक्षा जागरूकता की सच्ची पहरेदार हैं। हर परिस्थिति में आगे बढ़कर लोगों की मदद करना, बच्चों और माताओं की देखभाल, दवा और सलाह घर-घर पहुंचा रही है। मितानिन सम्मान समारोह में मितानिन हेमलता कल्लो, देवकी नरेटी, रोमबाई मेरिया, काला बाई जैन सहित मितानिन दीदीया व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## लिंगो आदिवासी मांदर दल का भुरके में होगा कार्यक्रम

**दुर्गुकोंदल।** आदिवासी संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जय लिंगो आदिवासी मांदरी दल द्वारा आज 29 नवंबर को ग्राम भुरके कोड़ेकुर्से में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे से किया जाएगा। इस दौरान दल के कलाकार पारंपरिक मांदर नृत्य और शहनाई की मनमोहक धुन पर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन करेंगे। आदिवासी समाज की गौरवशाली संस्कृति, वेशभूषा और लोक नृत्य की आकर्षक झलक इस प्रस्तुति में देखने को मिलेगी।

**निरीक्षण :** विद्यालय परिसर की स्वच्छता विशेष रूप से संतोषजनक पाया गया

# दूरस्थ अंचल के विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता का किया सघन निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

सर्वत्र खुशियां बिखेरता हमर दुर्गुकोंदल के संकल्प को साकार करने की दिशा में विकासखंड के संकुल केंद्र कोंडे अंतर्गत दूरस्थ अंचल स्थित शासकीय विद्यालयों का सघन निरीक्षण किया गया। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, बीआरसी लतीफ सोम एवं संकुल प्राचार्य बाबूलाल कोमरे की संयुक्त टीम ने प्राशा लाटमरका, निरोंडाडिही एवं सराधूघमरे पहुँचकर विद्यालय संचालन का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान सभी विद्यालयों में शिक्षक अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान, समयनिष्ठ एवं सक्रिय दिखाई दिए। बच्चों की नियमित उपस्थिति, अनुशासन तथा विद्यालय परिसर की स्वच्छता विशेष रूप से संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण टीम ने विद्यालयों में पठन-पाठन की गुणवत्ता का मूल्यांकन करते हुए शिक्षकों को और उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। संकुल क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति को देखते हुए प्रतिभाशाली बच्चों को उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए नवोदय प्रवेश परीक्षा की विशेष कोचिंग कक्षाओं का संचालन जारी है। इसके लिए दो केंद्र बनाए गए हैं कोंडे एवं निरोंडाडिही। कोंडे कोचिंग केंद्र में प्राशा सराधूघमरे, दरगढ़, गुमड़ीडिही और कोंडे के विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। इस केंद्र में शिक्षक लेखराम टांडिया, रविंद्र धमनेश्वर, अनुराग कंवर एवं फलेंद्र बहादुर नागवंशी पूरी लगन के साथ अतिरिक्त समय देकर बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। इसी प्रकार निरोंडाडिही कोचिंग केंद्र में प्राथमिक शाला निरोंडाडिही, मेटाघमरे एवं लाटमरका के बच्चे उत्साहपूर्वक तैयारी में जुटे हैं। यहाँ सहायक शिक्षक रामलाल सलाम, रूपेश नेताम, राजकुमार निषाद, दयाराम पोटाई एवं नोहर सिंह खरे का योगदान सराहनीय रहा। शिक्षकों की मेहनत और बच्चों के सपनों को उड़ान देने की प्रतिबद्धता को निरीक्षण टीम ने प्रशंसनीय बताया। निरीक्षण के दौरान टीम ने ग्रामीणों से भी चर्चा की, जिसमें शिक्षा व्यवस्था के प्रति स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों का सहयोग स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।



इस अवसर पर जनपद सदस्य धनसाय हुर्रा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष कावे राम नरेटी, ग्रामीण रूपेश नेताम, मानिक नेताम, जैसिंह, दशरथ, श्याम सिंह, रामसाय नेताम, प्रभुराम यादव, संजय दर्रो, मानबाई, शकुंतला, उर्मिला सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अबकी बार धान से मिले पैसों से खेतों की मरम्मत कराएंगे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर विकासखंड के ग्राम पांडरवाही निवासी 60 वर्षीय किसान तिलक कोर्राम अपना धान बेचकर उससे मिले पैसों से खेतों की मरम्मत व भूमि सुधार और समतलीकरण कराएंगे।

नाथियानावागांव स्थित उपार्जन केंद्र में पहुँचकर उन्होंने 46.40 क्विंटल धान का विक्रय किया। किसान ने बताया कि उनकी पत्नी के नाम पर 2.5 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे दोनों मिलकर खेती किसानी करते हैं। उन्होंने बताया कि धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे अपनी कृषि भूमि के सुधार कार्य, समतलीकरण और मरम्मत कराएंगे। साथ ही यह भी बताया कि आगामी मड़ई-मेले में होने वाले पारिवारिक खर्च तथा अपने बच्चों के लिए नए कपड़े खरीदने में भी यह राशि सहायक होगी। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी किए जाने के निर्णय का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह कदम किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित समर्थन मूल्य धान खरीदी नीति का लाभ पाकर किसान कोर्राम सहित जिले के किसान संतोष एवं प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं।



■ धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे अपनी कृषि भूमि के सुधार कार्य, समतलीकरण और मरम्मत कराएंगे

# तेलावट जिला स्तरीय पशु मेले से पालक हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



रजत जयंती के तहत पशुधन विकास विभाग द्वारा विकासखण्ड कांकेर के ग्राम तेलावट में आज जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल में पशु पालन को बढ़ावा देना, नवीन तकनिकों से पशु पालकों को परिचित कराना और लाभान्वित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला स्तरीय समिति गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष सोनसाय साहू ने पशुपालकां को संबोधित करते हुए कृषि के साथ गौपालन कर आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रेरित किया और साथ ही गौ-संरक्षण, संवर्धन और पंच गव्य उत्पादों के लाभ के बारे में जानकारी दी। पशु मेला स्थल पर विभिन्न नस्लां के दुधारु गाय, उन्नत बछिया, स्वस्थ बछड़ा-बछिया, बैल-भैंस जोड़ी, बकरी, भेड़, मुर्गी-मुर्गा एवं सूकर की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें ग्रामीणों ने रुचि दिखाई।

पशुधन विकास विभाग के विशेषज्ञों द्वारा पशुओं के उचित देखभाल, उन्नत पशुपालन, नस्ल सुधार व नवीन तकनीकों और योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

# पैराडाइज स्कूल में वार्षिक खेलकूद का हुआ आयोजन, बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह का शुभारंभ 26 नवंबर को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। यह कार्यक्रम कुल चार दिनों तक आयोजित किया जाएगा। वार्षिक खेलकूद प्रारंभ प्राचार्य रश्मि रजक के द्वारा मशाल प्रज्वलित कर स्कूल के छात्रों द्वारा भण्डारीपारा से लेकर ईमलीपारा तक किया गया। खेल का प्रारंभ अतिथियों के द्वारा डिस्कस थ्रो से किया गया।

खेलकूद समारोह के मुख्य अतिथि डीइओ रमेश निषाद, दुर्गेश शोरी सहायक संचालक एवं अनिल कुमार दहीवेले डीएसओ के द्वारा खेल ध्वज फहरा कर परेड की सलामी लेते हुए किया गया। चार दिवसीय आयोजन में विभिन्न एथलेटिक्स एवं टीम प्रतियोगिताओं का संचालन किया जा रहा है। प्रथम दिवस विभिन्न खेल प्रतियोगिता की शुरूआत के साथ छात्रों में जोश और उमंग देखने को मिली। पहले दिन के खेल, जिसमें जूनियर एवं सिनियर ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, शॉर्ट पुट, लम्बी कूद, ऊँची कूद, शतरंज, कैरम, कबड्डी, रिले रेस आदि खेलों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सब जूनियर ग्रुप के लिए खो-खो, सैंक रेस, स्किप रोप कराया गया। मिनी जूनियर ग्रुप को म्यूजिकल चेयर खेल इन्चार्ज टीचर द्वारा कराया गया। स्कूल के चार हाउसेस रेड हाउस, ग्रीन हाउस, येलो हाउस और ऑरेंज हाउस के छात्र छात्रा आपस मे खेलकर विजेता एवं उप विजेता बनेगें। इस पूरे आयोजन में स्पोर्ट्स टीचर्स रामेश्वरी साहू, यमुना बिलोधिया, अवतार सिंह, संतोष कुमार ठाकुर, पार्थ ज्योति कलिता, का महत्वपूर्ण भूमिका रहा, जिन्होने खेलों के आयोजन, मार्गदर्शन और अनुशासन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वही स्कूल के छात्रों का उत्साह, सहभागिता और खेलभावना इस कार्यकम की विशेषताए रहीं।



# अमीन भर्ती परीक्षा संचालन में सतर्कता और सावधानी बरतनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने दिए निर्देश

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आगामी 07 दिसम्बर को अमीन भर्ती प्रवेश परीक्षा 2025 का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले में स्थापित 44 परीक्षा केन्द्रों में 9554 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उक्त परीक्षा का पारदर्शितापूर्ण संचालन के उद्देश्य से आज केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों की कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें व्यापमं द्वारा जारी निर्देशों की बिन्दुवार जानकारी दी गई। कार्यशाला में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि अमीन भर्ती परीक्षा में व्यापमं द्वारा नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका सभी केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों को अक्षरशः पालन करें।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में कलेक्टर ने कहा कि सिविल सेवा में उपयुक्त अभ्यर्थियों का पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ चयन हो, इसके लिए लिखित परीक्षा के दौरान सतर्कता व सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश द्वार से लेकर परीक्षा की समाप्ति तक अनेक निर्देश व्यापमं द्वारा जारी किए गए हैं। विशेष तौर पर परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की पहचान, विभिन्न स्तर पर फ्रिस्किंग व चेकिंग, उनकी पोशाक, फुटवेयर, परीक्षा सामग्री आदि के संबंध में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है। उन्हांने ने यह निर्देशित किया कि परीक्षा संबंधी तैयारियों के अलावा सभी केन्द्रों में मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध रहे। परीक्षा कक्ष में पर्याप्त रोशनी, पंखे, पेयजल, हवादार खिड़की व फर्नीचर उपलब्ध रहे, यह भी केन्द्राध्यक्ष परीक्षा के पूर्व सुनिश्चित कर लें। इसके अलावा उन्होंने सभी केन्द्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों को 07 दिसम्बर के पूर्व आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान परीक्षा की नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर ने पीपीटी के माध्यम से व्यापमं द्वारा जारी नियमों व निर्देशों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## दुर्गूकोंदल में ब्लाक स्तरीय युवा महोत्सव 2 को मनाएंगे

**हरिभूमि न्यूज. दुर्गुकोंदल।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी युवाओं को कला, संस्कृति, कौशल एवं खेल के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता का संयुक्त आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 2 दिसंबर मंगलवार को प्रातः 10 बजे सद्भावना भवन में होगा।

युवा महोत्सव में विभिन्न विधाओं के माध्यम से प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी कला प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकनृत्य तथा व्यक्तिगत लोकगीत प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही लाइफ स्किल आधारित प्रतियोगिताएँ जैसे कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तृत्व कला तात्कालिक भाषण एवं कविता गायन भी शामिल हैं। विज्ञान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान मेला भी महोत्सव का विशेष आकर्षण रहेगा। युवा कृति प्रदर्शनी के अंतर्गत हस्तशिल्प, टेक्सटाइल तथा कृषि उत्पाद प्रदर्शन की भी प्रतियोगिताएँ होंगी, जिससे स्थानीय युवाओं के कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के लिए प्रतिभागियों का पंजीयन बीआरसी कार्यालय में 1 दिसंबर शाम 4 बजे तक किया जाएगा। इसी दिन महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी प्रस्तावित है, जिसका उद्देश्य महिलाओं में खेल भावना का विकास और खेलों में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। महिला खिलाड़ियों के लिए एथलेटिक्स में 100 मीटर, 400 मीटर दौड़, तवा फेंक, टीम खेलों में खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, तथा मनोरंजक खेल रस्सा-कसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी। इस खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दो आयु वर्ग निर्धारित किए गए है 9 से 18 वर्ष तक और 18 से 35 वर्ष तक, 35 वर्ष से अधिक पात्र नहीं। विश्वास, नेतृत्व और प्रतिस्पर्धा की भावना को नई दिशा प्रदान करेगा।




# आंबा कार्यकर्ता व सहायिकाओं का साड़ी व पेन भेंटकर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का कार्य किसी परिचय का मोहताज नहीं है। उनका समर्पण मेहनत और सेवा भाव ही उनकी असल पहचान है। चाहे कार्य महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत, शिक्षक विभाग का या अन्य विभागों का। आंगनबाड़ी की बहने हर जिम्मेदारी को निष्ठा एवं पूर्ण लगन के साथ निभाती है। शासन द्वारा 14 नवंबर बाल दिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सम्मान दिवस घोषित किया गया है। इसी क्रम में सेक्टर हाटकर्रा के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह 26 नवंबर संविधान दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सेक्टर की सभी 30 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायकाओं को साड़ी, पेन और सम्मान पत्र, देकर सम्मानित किया गया। पूरा आयोजन बहुत ही उत्साह पूर्ण और मार्मिक रहा। कार्यक्रम में 25 से 30 वर्ष से निरंतर सेवा में लगी हुई है उन्होने अपना अनुभव साझा किया। इस दोरान सभी कि आंखें नम हो गई और क यों ने अपनी आंसू नही नही रोक पाए। उनका संघर्ष त्याग सेवा और समाज के प्रति समर्पण कार्यक्रम को मार्मिक एवं यादगार बना दिया।



